डिजीटल अखबार

01

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष 04–2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 14 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

आज लाड़ली बहनों को मिलेगी 41वीं किस्त

भोपाल। नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश की सवा करोड़ लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 41 वीं किस्त की सौगात देंगे। सीएम कुसमरिया के सागपुर के गुरुवाही ग्राम में आयोजित लाड़ली बहना गौरव सम्मेलन में शिवराज विक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किस्त की राशि अंतरित करेंगे। ये पात्र प्रत्येक महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए के मान से कार्यक्रम स्थलीय राशि अंतरित करेंगे। उल्लेखनीय है 144 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन भी करेंगे। यह राशि महिला सशक्तिकरण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी।

भोपाल स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरते समय गिरीं मां–बेटी, आरपीएफ जवान ने बचाया

भोपाल। भोपाल रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह 7:35 बजे ट्रेन नं. 19044 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस से उतरने के प्रयास में मां–बेटी ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गईं। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के आरक्षक मधुसूदन यादव ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जिला के सीतलपुर निवासी सुनीता अपनी 15 वर्षीय बेटी लाडकुवा के साथ हजरत निजामुद्दीन से भोपाल आई थीं। ट्रेन धीमी होने लगी तो दोनों पिछले जनरल कोच से उतरने लगीं। पैर फिसलने से वे गैप में गिर गईं। स्थानीयजनों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोका। आरक्षक मधुसूदन यादव ने तत्काल दोनों को बाहर निकाला। उनकी सूझबूझ से मां–बेटी की जान बचाई। दोनों को मामूली खरोंचें आईं। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें सुरक्षित स्टेशन से बाहर रवाना किया। ट्रेन सुबह 7:45 बजे रवाना हुई।

मेल कर्मियों ने लाभ में 10% हिस्सेदारी मांगी

भोपाल। ऑल इंडिया बीएसएनएल एम्प्लॉइज यूनियन (ऐपु), संयुक्त नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (एनएफ) ने कर्मचारियों को शुद्ध लाभ में 10% हिस्सेदारी देने की मांग की है। यूनियन के अनुसार, 2025–26 में बीएसएनएल का राजस्व 33,762.15 करोड़ और कुल लाभ 1,800.26 करोड़ रहा। कंपनी ने 487.49 करोड़ लाभांश भी दिया। यूनियन ने प्रबंधन पात्र कर्मचारी को न्यूनतम 1,25,000 एसआईपी बोनस देने की मांग की।

सड़क सुरक्षा, मतदाता पंजीकरण पर व्याख्यान

भोपाल। इग्नू सिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई), भोपाल के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने 13 अक्टूबर 2026 को दीया एकात्म कॉमेमान–2026 के अंतर्गत कार्यक्रम भवन स्थित सुजान समागार में सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता पंजीकरण और नागरिक दायित्व पर तीन विशेष व्याख्यान कराए। कार्यक्रम संस्थान के संचालक डॉ. प्रहेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। वरिष्ठ प्रोग्रामर डॉ. प्रवास जैन ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, सचिवित प्रपत्र, नागरिक जिम्मे

भाजपा पार्टी कार्यालयों की मरम्मत के लिए नई समिति

भोपाल। भाजपा ने प्रदेश में पार्टी कार्यालयों की नई इमारतों के निर्माण और निगरानी और पुराने कार्यालयों की मरम्मत के लिए गठित भवन निर्माण एवं भवन सुदृढ़ीकरण समिति का पुनर्गठन कर नई जिम्मेदारियां तय की है।

।। जिलों के कलेक्टर बदले, सुबोध सिंह मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव बने, रश्मि अरुण शमी को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी

मध्यप्रदेश में आधी रात को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 23 आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन ने मंगलवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए। इस बदलाव में संभागीय स्तर पर कई अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं, वहीं 11 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुबोध सिंह को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। वहीं, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना अरुण शमी को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रबंध संचालक गरिमा दांडोत को सचिव जनसंपर्क का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कई जिलों में बदले कलेक्टर



रायसेन, सिंगरौली, बालाघाट, रीवा, पन्ना, छतरपुर, बुरहानपुर, तरुण और अशोक नगर सहित 11 जिलों में कलेक्टरों की व्यवस्थापना बदली गई है।

रायसेन कलेक्टर अजय कुमार सिंह को हरदा भेजा गया है, जबकि आदित्य सिंह को बालाघाट का नया कलेक्टर बनाया गया है। हरदा के तत्कालीन कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को वाणिज्यिक कर विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। छतरपुर कलेक्टर ऋचु बाजपेयी को उज्जैन संभाग में अपर आयुक्त बनाया गया है। धनबीर जगह परीक्षित सजनसाव शाहे को छतरपुर कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है।

इस फेरबदल में विभिन्न विभागों के सचिव और अन्य प्रशिक्षित अधिकारियों के तबादले भी किए गए हैं। नर्मदापुरम में आईएएस परीक्षित और शिवपुरी में अंकित अग्रवाल नए कलेक्टर होंगे। भिंड में पवन कुमार जैन को कलेक्टर बनाया गया है।

बालाघाट और हरदा में भी बदलाव

बालाघाट कलेक्टर कुमार रत्नम को हरदा भेजा गया है, जबकि आदित्य सिंह को बालाघाट का नया कलेक्टर बनाया गया है। हरदा के तत्कालीन कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को वाणिज्यिक कर विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। छतरपुर कलेक्टर ऋचु बाजपेयी को उज्जैन संभाग में अपर आयुक्त बनाया गया है। धनबीर जगह परीक्षित सजनसाव शाहे को छतरपुर कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है।

इस फेरबदल में विभिन्न विभागों के सचिव और अन्य प्रशिक्षित अधिकारियों के तबादले भी किए गए हैं। नर्मदापुरम में आईएएस परीक्षित और शिवपुरी में अंकित अग्रवाल नए कलेक्टर होंगे। भिंड में पवन कुमार जैन को कलेक्टर बनाया गया है।

जमानत पर रिहा होते ही शाहिद इटारसी का जुलूस, कोहेफिजा थाना प्रभारी समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित



डीआर संवाददाता॥भोपाल।

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर के घर में घुसकर गोली चलाने के मामले में आरोपी शाहिद इटारसी उर्फ शाहिद अंसारी के जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद समर्थकों ने वाहनों का काफिला निकालकर स्वागत किया। सोमवार को केंद्रीय जेल से बाहर आते ही उसके समर्थक बड़ी संख्या में जुट गए। इसके बाद 100 से अधिक वाहनों के साथ जुलूस निकाला गया, जो लालघाटी से होते हुए बीआईपी रोड तक पहुंचा।

रात करीब 10 बजे निकले इस काफिले के दौरान शहर के अलग-अलग मार्गों पर आतिशबाजी प्रदर्शित हुआ। बड़ी संख्या में कारों और दोपहिया वाहनों के एक साथ चलने से आम वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जुलूस के दौरान कथित समर्थक गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते नजर आए। वहीं, समर्थकों ने सड़क पर गाड़ी लहराते और जगह-जगह उसका स्वागत किया। इस दौरान बनाए गए वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए।

2024 में दर्ज हुआ था हत्या के प्रयास का मामला

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में कोहेफिजा थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित शालीमार अपार्टमेंट में प्रॉपर्टी डीलर रफी उर्फ हसन को गोली मारी गई थी। इस मामले में शाहिद अंसारी और उसके पांच साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह तभी से जेल में बंद था।

सोमवार को जमानत मिलने के बाद उसकी रिहाई हुई। समर्थक उसे लेने जेंडीय जेल पहुंचे और वाहनों के साथ काफिला निकालकर स्वागत किया।

जुलूस के दौरान वाहनों की भीड़ के कारण सड़क पर जाम लगने की स्थिति बन गई। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा आपत्तिजनक नारेबाजी किए जाने की भी शिकायत सामने आई है। इस पर कोहेफिजा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी समेत 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। विभागीय स्तर पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

जिला पंचायत की शिक्षा समिति की बैठक में उठा मुद्दा, दो छात्रावासों के सहायक वार्डनों को हटाने और जांच कराने की मांग

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

भोपाल। जिला पंचायत की शिक्षा समिति की मंगलवार को हुई बैठक में सरकारी स्कूलों और छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर कई मुद्दे उठाए गए। सदस्य मंदेश राजपूत ने बगदेवा हाई स्कूल में छात्रओं के शोषण के मामले में तत्काल जांच और गंदगी का मामला उठाते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की।



राजपूत ने कहा कि शौचालय बंद रहने से छात्राओं को परेशानी होती है और वे कई घंटे रुके रहना उपयोग नहीं कर पाती। उन्होंने अधिकारियों से शौचालय का ताला खुलवाने और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

बैठक में नेताजी सुभाष बोस बालक छात्रावास, हलईखेड़ा आनंद नगर के सहायक वार्डन दिनेश डंडारा और जसपुरा वार्डी नाजिया तालवास, मैदीवेरा की सहायक वार्डन फरहत बालमीन का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों ने आरोप लगाया कि दोनों वार्डन 12 घंटों से परवस्थ हैं और उनका व्यवहार अक्सर छात्राओं के प्रति ठीक नहीं है। उन्होंने दोनों को हटाने और मामले की जांच कराने की मांग की।

108 एंबुलेंस सेवा में कथित अनियमितताओं की शिकायत लोकायुक्त पहुंची, शपथ-पत्र के साथ दर्ज कराई शिकायत

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस सेवाओं में कथित भ्रष्टाचार, नियमित आपूर्तिकर्ताओं और अनुभवी की चर्चा के उल्लंघन का मामला लोकायुक्त संगठन तक पहुंच गया है।



प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के सम्बन्ध समन्वय और आरटीआई विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन ने इस मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया। इसके बाद पुनीत टंडन ने शपथ-पत्र के साथ लोकायुक्त कार्यालय में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के संबंध में लोकायुक्त कार्यालय ने प्रापुख रविंद्र लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा निदेशक संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पत्र जारी किया है। कार्यालय ने संबंधित विभागों से मामले में तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा है। इसके लिए 25 नवंबर 2026 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

अब संबंधित विभागों के प्रतिवेदन के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल एंबुलेंस सेवाओं के संचालन में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होना बाकी है।

फसल मुआवजा, कर्जमाफी, एमएसपी पर खरीदी और खाद-बिजली की व्यवस्था सुधारने की मांग

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मध्यप्रदेश संयुक्त किसान संघों ने 13 अक्टूबर को मंडलाय पहुंचकर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सहित अनेक मंत्री, मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें फसल नुकसान का मुआवजा, उपज का लाभकारी मूल्य और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंध 25 सूत्रीय मांगें रखी गईं।

संघों के प्रतिनिधि प्रहलाद पाल बैरागी, इंदरसन जाफरी, नीलाबर राजपूत, बाबू सिंह राजपूत और विजय गुप्ता ने ज्ञापन के माध्यम से किसानों की समस्याएं उठाईं। इसमें जलिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कर पात्र किसानों को समय पर मुआवजा देने तथा प्रमुख फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की गई।

संघों ने दुरिया, डीएपी सहित अन्य खाद की पर्याप्त उपलब्धता, वर्षित दरों पर बिजली, सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली और कृषि ऋण माफी की मांग भी रखी। इसके अलावा मृत अधिसूचना से प्रभावित किसानों को वर्षित मुआवजा, पुलांतर और सेतमार देने की मांग की गई।

लोगों ने गंवाए 3.63 लाख रुपएटेलीग्राम पर युवती ने युवक से 88 हजार ठगे, फर्जी कस्टमर केयर और पेंशन कार्ड के नाम पर भी धोखाधड़ी

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

राजधानी में साइबर ठगी के तीन मामलों में लोगों से कुल 3 लाख 63 हजार 64 रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

कलियासोत की खतूरी कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय युवक की टेलीग्राम पर दोस्ती हुई। युवती ने खुद को भोपाल की बताया। युवती ने होटल के पास की लोकेशन भेजकर पहले 2 हजार रुपए जमा कराए। इसके बाद सिक्योरिटी, एजेंसी फीस और रजत दास्तरी के नाम पर अलग-अलग किस्तों में पैसे लिए। जीएसटी के नाम पर भी रकम मांगी गई। युवक के अनुसार, उसने कुल 88,054 रुपए दंगे गए।

दूसरे मामले में सीगल टाउन निवासी मिथिलेश कुमार मालवीय (51) को मीडो का ऑर्डर बढ़वाने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर तलाशना महंगा पड़ा। आदित्यएम लिंक खोलने के बाद उनके खाते से फोन-पे के जरिए 85 हजार रुपए निकल गए।

आशारिका कॉलोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद सक्सेना (75) को पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा देकर 50 हजार रुपए ठग लिए गए। बीमनगर निवासी दिनेश कुमार राजनवर के खाते से गूगल-पे के जरिए 30 हजार रुपए निकाले गए। वहीं, कोलाहाली क्षेत्र में जैन साध्वी पल्लवी जैन (48) से मोबाइल खरीदने के नाम पर एक लाख रुपए की ठगी की

निर्देश शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को टीईटी मामले में राहत, सरकार को 60 दिन में निर्णय के निर्देश

हाईकोर्ट ने लंबित आवेदनों पर कानून के अनुसार विचार करने को कहा, पदोन्नति पर अंतिम फैसला अभी नहीं

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से छूट की मांग करने वाले शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 के मामले में राज्य सरकार को 60 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। यह मामला 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मियों तथा वर्ष 1997 से 1999 के बीच नियुक्त कर्मचारियों से संबंधित है।

न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने 12 अक्टूबर को दिए आदेश में कहा कि आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर सक्षम अधिकारी शिक्षाकर्मियों के लंबित आवेदनों पर कानून के अनुसार विचार करें।



कथित कार्यों की आवेदनों पर स्पष्ट कारणों के साथ निर्णय ले और संबंधित शिक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी भी दें।

हालांकि, हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मियों को टीईटी से छूट देने या पदोन्नति में वहत देने के अंतिम आदेश नहीं दिया है। कोर्ट ने केवल लंबित आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद याचिका का निराकरण कर दिया गया। अब संबंधित शिक्षाकर्मियों को शासन के फैसले का इन्तजार है।

याचिका में क्या थी मांग ?

याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि नियमित अवधि से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मियों को टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता से छूट दी जाए। इसके समर्थन में संबंधित न्यायिक फैसलों का हवाला दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुनवाई के दौरान बताया कि इस संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन उन पर निर्णय नहीं हुआ। इसलिए कोर्ट से आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित करने की मांग की गई।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित

डीआर संवाददाता॥नई दिल्ली।

हॉकी इंडिया ने 27 अक्टूबर से पंजाब में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की टीम में वापसी हुई है। टीम में सुरज कर्केरा, संजय, अमित रोहिदास, पुणराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, दविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह सहित 20 खिलाड़ी शामिल हैं।

68 वर्षीय रावकावर ने तैराकी में हासिल किया पहला स्थान

भोपाल। 68 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय तैराक डॉ. केसी रावकावर ने बड़े तालाब में आयोजित 'लेक मैन 3.1' ओपन वाटर तैराकी प्रतियोगिता के चार किलोमीटर वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने यह दूरी 1 घंटे 21 मिनट 46 सेकंड में पूरी की। प्रतियोगिता में 10 शहरों के 50 तैराक शामिल हुए।भोपाल। गजबालसेना में कार्यरत 56वीं सब जूनियर राज्य वाइसबॉल चैंपियनशिप में भोपाल की टीम बालक और बालिका दोनों वर्गों में ओपनलीग दूसरे स्थान पर रही। टास बलक की कंपज दांगी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि गोरेज शर्मा और वृषिका सिंह ने रजत पदक हासिल किए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 14-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 14 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

नां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

सीहोर। शहर सहित जिलेभर में नवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसी क्रम में सीहोर शहर के गांधी चौक क्षेत्र में महालक्ष्मी सेवा समिति द्वारा स्थापित मां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिमा का मनमोहक स्वरूप और कलात्मक बनावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। मां काली की इस भव्य प्रतिमा का निर्माण शिल्पकार दिनेश मिस्त्रीकर्मा द्वारा किया गया है, जो शासकीय माध्यमिक विद्यालय बनुखेड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे पिछले तीन वर्षों से इस पंडाल के लिए प्रतिमा निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा और मेहनत से मां काली की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। प्रतिमा के निर्माण में उन्हें लगभग 60 दिन का समय लगा। उन्होंने शासकीय सेवा से मिलने वाले समय का सदुपयोगकरते हुए इस कार्य को पूर्ण किया।

दाऊदी बोहरा समाज ने बच्चों की आंखों की जांच कर वितरित किए चश्मे

सीहोर। दाऊदी बोहरा समाज द्वारा रमणीक सेवादल सूबाधल सैयदना साहब के निर्देशानुसार सुभाष स्कूल, गंज में बच्चों के लिए आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की आंखों की जांच कर उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाना और जरूरतमंद बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में दाऊदी बोहरा समाज के आमिल साहब मुल्ला आदिल के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विद्यालय के प्राचार्य आदिल शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर आमिल साहब द्वारा जांच के उपरांत आवश्यकता वाले बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी पढ़ाई में आने से संभावित समस्याओं के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर समाज के मुखतार हुसैन गैस वाले, हुसैन अली, शाहिद अली, इदरीस भाई, तकीम भाई, शब्बीर सैफी, फखरुद्दीन सैफी, शब्बीर हुसैन, हुसैन अली जेवी, मोहम्मद भाई, मुबारक भाई सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मतदाता सूची से संबंधित शिकायत के लिये बीएलओ से संपर्क करें

सीहोर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सीहोर जिले में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के 1,367 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चालगुरुक के. ने मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करने के लिये कहा है।

सर्च ऑपरेशन बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम, कांग्रेस ने दिया तीन दिन का

"जावर-कजलास मार्ग पर पांच घंटे प्रदर्शन, ग्रामीणों को 7-8 घंटे ही मिल रही बिजलीय व्यवस्था नहीं सुधरी तो

डीआर संवाददाता» दोराहा। जावर



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से किसान और आम नागरिक परेशान हैं। जावर क्षेत्र में सतत बिजली गुल रहने से नासल चार-पांच गांवों के ग्रामीण मंगलवार सुबह 6 बजे सड़क पर उतर आए। किसानों ने जावर-कजलास मार्ग पर बल्लों को रोककर चक्काजाम कर दिया। करीब पांच घंटे चले प्रदर्शन के बाद बिजली कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासनों दो से तीन दिनों में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। इसके बाद सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। वहीं, दोराहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी बिजली कटौती के विरोध में विद्युत विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

नवरात्रि में आरती के समय बिजली गुल

ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडालों में आरती के समय ही बिजली बंद हो जाती है। इससे श्रद्धालुओं को अंधेरे में पूजा-अर्चना करनी पड़ रही है। गांवों में सिंचाई के लिए भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। कुठिया नाथू के सरपंच राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में मुश्किल से सात से आठ घंटे बिजली मिल रही है। आपूर्ति में असंतुलन के कारण रात्रि में ट्रांसफॉर्मर से आग की घटनाएं भी होती हैं। वहीं पांच दिन पहले भी ग्रामीणों ने बिजली कटौती के विरोध में सब स्टेशन पर ताला लगाकर धरना दिया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

कर्मचंदकोठी के अतरिंद सिंह ने बताया कि अन्नपूर्णा से गांवों में भी बिजली आपूर्ति की स्थिति खराब है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन

कांग्रेस ने तीन दिन का दिया अल्टीमेटम



इधर, दोराहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कप्तान खान ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिन और रात में बार-बार बिजली बंद होने से किसान, विद्यार्थी और आम नागरिक परेशान हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई प्रभावित हो रही है और लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

कांग्रेस ने विद्युत विभाग को तीन दिन में व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम दिया। उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर बिजली कंपनी के अधिकारी और संगत थानों के पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से दो से तीन दिनों में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। बिजली कंपनी के अधिकारी गंगाधरी जौहान ने बताया कि बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था।

20 वर्षीय सोहन गहरे पानी में जाने से डूबा, इंतजामों पर उठे सवाल

डीआर संवाददाता» पैलंद

आलीशाहपर मंगलवार को नर्मदा नदी में नहाने के दौरान एक 20 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सलमान जिले के दिलदार कॉलोनी निवासी सोहन अलियास के रूप में हुई है। वह अपने मित्रों म ित घाट पर नहाने आया था। घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, सोहन नर्मदा नदी में नहा रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे पानी से बाहर निकालने तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को कानूनी की सूचना दे दी गई। एसडीओपी पवि शर्मा ने मृतक की पहचान की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घाट पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षाको लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारों के समय घाटों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोर और सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं किए जाते, जिसके कारण हादसे होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए और संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा जाल और रस्सी लगाई जाए ताकि पर्यटक और श्रद्धालु सुरक्षित स्नान कर सकें। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी है। परिजनों के आने के बाद पोस्ट मार्टम की औपचारिकता पूरी की जाएगी। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



जनसुनवाई में 48 आवेदकों ने रखीं समस्याएं,

डीआर संवाददाता» सीहोर



कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे 48 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सलोनी यादव और अपर कलेक्टर सुनील सक्सेना ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से आवासीय पट्टे, राशन कार्ड, आंगनवाड़ी आवास योजना, शासकीय भूमि, सड़क, पेयजल, बिजली आपूर्ति और अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें सामने आईं। कई आवेदकों ने वर्षों से लंबित मामलों को लेकर भी अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की।

अधिकारियों ने आवेदकों से कहा कि उनके आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी और प्रत्येक शिकायत की प्रगति की जानकारी आवेदकों को उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से जनसंपर्क करें और ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें।

विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री ने कक्षाओं का किया निरीक्षण,

डीआर संवाददाता»सीहोर



सरस्वती विद्या मंदिर सीहोर में मंगलवार, 13 अक्टूबर को विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री विश्वजीत महतोदी, उपमंत्री विभाग के विभाग संगठनमंत्र गुरुचरण नीह और राजधानी ज्ञानदायिनी विद्या मंदिर के व्यवस्थापक अनिल पलेरिया का आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के राजश दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुई।

प्रांतीय संगठन मंत्री महतोदी ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और आदर्श जीवन मूल्यों का महत्व बताया। उन्होंने श्रेय और मता प्रेयता के बीच संतुलन तथा माता सीता, माता गार्गी और मां दुर्गा के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

अतिथियों ने विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण कर तकनिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके बाद कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने नेतृत्व परीक्षा परिणाम के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, नियमित दिनचर्या अपनाने, एकाग्रता और निरंतर परिश्रम पर जोर दिया।

इस दौरान विद्या मंडल समिति की बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं और विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष कुलभूषण सग्गा, शोभा चौहान, कमल सिंह ठाकुर, रवि उमरोल, रवि पटे, तरुण सिंह सिसोदिया, गीति सतीश, डॉ. गगन नामदेव और अरविन्द शर्मा सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

रु राशन वितरण में गड़बड़ी और खाद्य पदार्थों में मिलावट पर करें

डीआर संवाददाता»सीहोर



कलेक्टर चालगुरुक के. ने कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा औषधि प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को किसानों और आम नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन वितरण में गड़बड़ी और खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में किसानों की जरूरत के अनुसार खाद का पर्याप्त भंडारण और सुचारु वितरण सुनिश्चित करने को कहा। खाद एवं बीज की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखने के साथ खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अवैध रूप से भंडारण या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा।

त्योहारों पर खाद्य पदार्थों की जांच के निर्देश

आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटी खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने तथा संदिग्ध प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावट या अन्य अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, उपसंचालक कृषि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

13 कंपनियों ने लिया साक्षात्कार, स्वरोजगार योजना में 58.50 लाख रुपये का ऋण वितरित

डीआर संवाददाता»आष्टा



जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जनपद पंचायत आष्टा में युवा संगम योजना, स्वरोजगार एवं आईटीआई मेले का आयोजन किया गया। मेले में 327 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जबकि 13 कंपनियों ने साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया में भाग लिया। इसमें 186 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया।

कार्यक्रम में आष्टा विधायक भोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले के दौरान स्वरोजगार योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को 58 लाख 50 हजार रुपये का ऋण वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना था।

जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल ने युवाओं को कॉरियर मार्गदर्शन तथा कौशल विकास के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू, गुणपाल, भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर पीएस मूर्ति, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग उमरे सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चुनरी यात्रा हेलीकॉप्टर से होगी 10 क्विंटल फूलों की पुष्पवर्षा, आतशबाजी से देंगी प्रस्तुतियां

15 अक्टूबर को निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा, मां को अर्पित होगी 151 मीटर लंबी चुनरी

डीआर संवाददाता» सीहोर



शहर में 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने बस स्टैंड स्थित अग्रिमी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह 10:30 बजे प्रसिद्ध शक्तिपीठ कलौली वाली माता मंदिर से यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, युवा और श्रद्धालु शामिल होंगे। इस वर्ष मां चामुंडा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हेलीकॉप्टर से 10 क्विंटल फूलों की पुष्पवर्षा रहेगा। इसके अलावा बालिकाओं और युवतियों की आठ गरबा टीमें अपनी प्रस्तुतियां देंगी। यात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां भी शामिल रहेंगी। अब तक 12 हजार से अधिक महिलाओं ने पवित्र चुनरी प्रदान की जा चुकी है। वहीं, 300 से अधिक दुपहियाहनी की बालिकाएं भी यात्रा में सहभागिता करेंगी।

14 वर्षों से निकल रही यात्रा

प्रिंस राठौर ने बताया कि चुनरी यात्रा पिछले 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां जगदंबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि कलौली वाली माता मंदिर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां नवरात्रि के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं।

उन्होंने कहा कि चुनरी यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और सनातन संस्कृति से जुड़ने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का अवसर मिलता है।

श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

प्रिंस राठौर ने शहर के नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं और धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 15 अक्टूबर को चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से आयोजन को और भव्य स्वरूप मिलेगा।

विधिक सेवा प्राधिकरण की स्पोर्ट्स मीट में कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स मीट में मास्टर अवेयरनेस एसोसिएशन ऑफ मार्शल आर्ट के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय अभिनय एवं पहल के लिए आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मास्टर अवेयरनेस एसोसिएशन ऑफ मार्शल आर्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय अभिनय एक पहल के लिए आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मास्टर अवेयरनेस एसोसिएशन ऑफ मार्शल आर्ट के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 14-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 14 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

28 को बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर आयोजित होगा

सीहोर। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2026 को जिला पंचायत सीहोर के सभागार में जिला स्तरीय बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर (कैम्प) का आयोजन किया जाएगा। आयोग की अध्यक्ष श्री निवेदिता शर्मा की सदस्यगिता में आयोजित यह शिविर प्रात: 1030 बजे से सायं 5.00 बजे तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य बाल अधिकारों से संबंधित शिकायतों के निराकरण तथा बच्चों के हितों के संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुनवाई करना है।

क्रिकेट प्रतियोगिता आज खेले जाएँगे दो मैच

सीहोर। शहर के मोहल्ला नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर की आधा दर्जन से अधिक टीमों को शामिल किया गया है। कोच अक्षय दुबाने और अजय पंडेल के द्वारा मैदान को शानदार बनाया है। उनकी मेहनत के कारण यहां पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। आरएसआई के पीसिया प्रभारी विवाहु दोषित ने बताया कि पहला मैच आईईएस स्कू और सूर्य माता और दूसरा मैच सेंट मेरी स्कूल और गैलाक्सी के मध्य खेला जाएगा।

सेवा कार्यक्रमों से संगठन की सक्रियता का दिया संदेश

जावर। भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक कार्यकारी बैठक लक्ष्मीश सत्र रविवार धर्मशाला में हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान नेवज नदी के घाट पर दीपोत्सव, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, आगन मिलन समारोह, सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता और सेवा सेतु अभियान सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियां कार्यक्रमों में शामिल रहे। आयोजित की गई। बैठक में पश्चिम नेता बाबूलाल पटेल, मंडल प्रभारी मगन नामदेव, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कनाना, राजय अजमेरा, कुणाल सिंह एडवोकेट, महामंत्री राजा ठाकुर, सुमेंद्र मालवीय सहित

मंडी में 22,521 क्विंटल उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में मंगलवार को कुल 22,521 क्विंटल उपज की आवक रही। नीलामी में गेहूं सुलवारा 3,634 से 6,200, गेहूं लोकवन 2,790 से 3,140, गेहूं पूर्वा 2,730 से 3,237, गेहूं मालवसन 2,500 से 2,885 और गेहूं सिंह 2,600 से 2,885 रुपए प्रति क्विंटल बिका। बना काटा 5,550 से 6,770, चना मीडमी 2,500 से 7,065, चना सफेद 5,700 से 9,031 और चना बदाकू 5,640 से 7,134 रुपए प्रति क्विंटल बिका। सोयाबीन पीला 2,801 से 7,051, मसूर 4,541 से 6,621, राई 7,100 से 9,200, मक्का 1,000 से 2,301, उड़द 4,001 से 7,850 और मूंग 7,460 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

सम्मेलन महिला पॉलिटेक्निक की 150 छात्राओं ने सीखी ड्रोन तकनीक, लाइव डेमो से समझा संचालन

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला, कृषि से लेकर सर्वेक्षण

डीआर संवाददाता>> सीहोर।



आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, करियर एवं उद्यमिता कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को ड्रोन टेक्नोलॉजी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में करीब 150 छात्राओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने ड्रोन की कार्यप्रणाली, उड़ान की मूलभूत जानकारी, सेंसर और सुरक्षित संचालन की जानकारी दी। तैयारियां पर सिमुलेशन तथा वास्तविक ड्रोन के लाइव डेमो के माध्यम से छात्राओं को इस तकनीक को करीब से समझने का अवसर मिला।

सिमुलेशन और लाइव डेमो से समझी तकनीक

कार्यशाला में साईंआईटीटी की विशेषज्ञ टीम के सदस्य रवतर कुमार, सीनियर आपरेटर इंस्ट्रक्टर एप गौरीशंकर, सपोर्ट इंजीनियर प्रताप सिंह, सैनिक-ऑपरेशंस (ड्रोन) तथा आरपीएफ कुमार, आरपीएफ इंस्ट्रक्टर एप पूजनी इलीनियर ने प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने ड्रोन के विकास, उसके प्रमुख तकनीकी हिस्सों, असेंबली प्रक्रिया और संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। छात्राओं को सैनिटीय पर सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के जरिए ड्रोन की उड़ान और नियंत्रण प्रणाली समझाई गई। इसके बाद वास्तविक ड्रोन का प्रदर्शन कर संचालन की बारीकियों से अवगत कराया गया। सर्वाधिक उद्यमन महाविद्यालय के निवासी और आवश्यक तकनीकी दक्षताओं की जानकारी भी दी गई।

कृषि से उद्योग तक करियर के अवसर

विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन तकनीक का उपयोग कृषि से कंपनी और फोटोग्राफरों के लिए कृषि, भूमि सर्वेक्षण, मैपिंग, औद्योगिक निरीक्षण तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में बढ़ रहा है। इसके चलते प्रशिक्षित युवाओं के लिए ड्रोन संचालन, तकनीकी रखरखाव, असेंबली और सर्वेक्षण सेवाओं में रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। संचालन संत में छात्राओं ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और इस क्षेत्र में करियर बनाने से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

तकनीकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभोद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल उपलब्ध कराना है। विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन के मार्गदर्शन में तकनीकी टीम को प्रयोगात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं विंग्स सर्फ और अनिल सिंह ने भी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को उभरती तकनीकों से परिचित कराकर एम्पॉ भविष्य की योजनाम अवसरयुक्तताओं के अनुरूप तैयार करने की पहल की जा रही है।

जावर पुलिस ने चोरी के तीन मामलों का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



डीआर संवाददाता>> सीहोर

जावर थाना पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की जेवर, कैश और मशीन दिसले बरामद किए हैं। मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सोनवी सक्सेना के निर्देश पर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सोनी और एसडीओपी आशा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम सुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से तीन प्रकरणों का खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार, थाना जावर में कायम अलग-अलग 419/2026, 289/2026 और 310/2026 के तहत दर्ज मामलों में कार्रवाई करते हुए कृ भगवान उर्फ कल्लू (27), निवासी गवाला और दिनेश (28), निवासी पीपलिया सेलावरी को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय आष्टा में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल सीहोर भेज दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कॉपर केबल और मशीन दिसले बरामद किए हैं। वहीं, दो अन्य फरार आरोपियों से चोरी की शेष संपत्ति बरामद कराना बाकी है। उनकी तलाश जारी है।

पुलिस टीम की रही भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी श्याम सुमार सूर्यवंशी सहित उपाय आरक्षक सुरेश परमार, सुनील उर्गे, तेजपाल सिंह, हरीश डोडियार, सुशील साल्वे, जीवेंद्र राजपूत, आयक्षक राहुल, सुरेंद्र गंडारोई, सरेंद्र रीवाय, अनिल, कांड सिंह रावत और महिला आरक्षक हीरामणि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आज निकलेगी चुनरी यात्रा, मां पार्वती नदी को अर्पित करेंगे चुनरी

डीआर संवाददाता>> आष्टा।



शारदीय नवरात्रि के दौरान आष्टा में देवी आराधना का माहौल है। भक्तों में दर्शन-पूजन के लिए अद्भुत गहुंच रहे हैं, वहीं अनवरत व्यवस्था में भी लगी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर से भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान मां पार्वती नदी को चुनरी अर्पित की जाएगी।

नगर पालिका अध्यक्ष हिमकुल मेवाड़ा और अध्यक्ष प्रतिनिधि सायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के आयोजक राहुल बालोदिया हैं। सायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि यात्रा शुक्रवार 3 बजे बाणी चौक स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर से निकेर-किनार के रास्ता हुसे सोनी ब्रिज समाप्त होगी। यहां से श्रद्धालु चुनरी को सिर पर रखकर पैदल यात्रा के रूप में मां पार्वती नदी तट पहुंचेंगे। घर-घर से श्रद्धालु आरती के साथ चुनरी अर्पित करेंगे। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। श्रद्धालुओं से सर्वाधिक पहुंचकर यह जानकारी और मां पार्वती को आशीर्वाद लेने का लाभ भी लिया जा सकता है।

युवक की मौत के मामले में तीन आरोपी फरार, घर-दुकान और मंदिर में पुलिस की दबिश

डीआर संवाददाता>> आष्टा।



आष्टा निवासी दिलीप सिंह मेवाड़ा की मौत के मामले में फरार तीन आरोपियों की तलाश में पार्वती थाना पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपियों के घर, दुकान और जैन मंदिर में तलाशी ली, लेकिन अब तक उनका सुराग नहीं मिला है। मंगलवार को भी पुलिस ने उनकी तलाश में कार्रवाई की। पुलिस ने 30 वर्षीय विक्रम मेवाड़ा की तहरीरी पर पार्वती थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मृतक के पिता भैरवसिंह मेवाड़ा ने बताया कि 9 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे उनके बेटे दिलीप सिंह मेवाड़ा को फोन पर सूचना मिली कि वह खाने से हुई मौत के मामले में पारस जैन, प्रदीप उर्फ पीटर जैन और मंदिर कर्मचारी सुरज नाली के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। तीनों घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं।

मृतक के पिता भैरवसिंह मेवाड़ा के अनुसार, विश्राम आश्रम के कुम्हारा स्थित परिवार वस्त्रालय में पिछले चार साल से काम करता था। 19 सितंबर को शाम करीब 5 बजे वह दुकान से घर पहुंचा और उल्टियां पदार्थ खा लिया। रात्रिकाल विश्रामने पर उसे उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 18 सितंबर को किता स्थित दिगंबर जैन सीहोर में महिलाओं को खोटे-सिक्के पीटिकर बनाने के शक में कुछ लोगों ने विक्रम के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया था। आरोप है कि इससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

पाठशाला महाअधिवेशन में आष्टा की बेटियों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

डीआर संवाददाता>> आष्टा।



इंदौर के दलाल बाग में 11 और 12 अक्टूबर को पुनि पुनव 108 सुधासागरजी महाराज के सानिध्य में पाठशाला महाअधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें आष्टा की आचार्य विद्यासागर पाठशाला और पारस विद्यायतन की विद्यिशाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक की। कार्यक्रम में आष्टा की बेटियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। पाठशाला परिवार की झांकियों के साथ भव्य जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान आष्टा की पाठशाला दल को मुनि सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद मिला।

मुनि सुधासागरजी महाराज ने पाठशाला संचालन और बच्चों के धार्मिक संस्कार विकसित करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। महाअधिवेशन में देशभर की पाठशालाओं के प्रतिनिधियों ने धार्मिक शिक्षा और संस्कार संबंधी गतिविधियों की जानकारी साझा की।

सामान्तर जोन प्रभारी देशभूषण जी करीब 500 पाठशालाएं जुड़ी हैं। अधिवेशन में 250 से 300 पाठशालाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मान और गरीबाओं और धार्मिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों के संस्कार पोलमित करने पर जोर दिया गया। आष्टा से शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया और बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

आष्टा से उपेक्षा प्रवक्ता जैन, नीमीश संतोष जैन, अंशिल प्रदीप बीनोद, रुपेश हेमत जैन, नेहा मंकल आष्टाना, ज्योति जगदीश पोरवाल, ज्योति नीरज जैन, मोनिका भुरू जैन

पटाखे जैसी आवाज निकालने वाली 35 बुलेट पर कार्रवाई,

डीआर संवाददाता>> सीहोर।



शहर में पटाखों जैसी तेज और कर्कश आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई की है। मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान छह बुलेट चालकों पर 30 हजार रुपये का चालानी जुर्माना लगाया गया। साथ ही वाहनों से मॉडिफाइड साइलेंसर हटाए गए।

पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से बदले गए साइलेंसर से तेज आवाज निकलने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद लोगों के साथ बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी होती है। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत पिछले डेढ़ महीने में कुल 35 बुलेट पर कार्रवाई कर 1 लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

पुलिस ने वाहन चालकों को दोबारा अनधिकृत बदलाव नहीं कराने की हिदायत दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि वातायात नियमों का उल्लंघन करने और शहर की शांति भंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर इस्तेमाल करने की अपील की है।

मंडी नरसिंहगढ़ मंडी में सोयाबीन की चंपर आवक, 6,730 रुपये तक भाव, सीहोर में लहसुन 18 हजार रुपये क्विंटल बिका

सीहोर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,635 रुपये, नरसिंहगढ़ में 15 हजार क्विंटल से अधिक आवक

डीआर संवाददाता>> सीहोर



मध्य प्रदेश के सीहोर और राजगढ़ जिले की कृषि उपज मंडियों में 13 अक्टूबर को सोयाबीन, गेहूं, लहसुन और प्याज की आवक हुई। नरसिंहगढ़ मंडी में सोयाबीन की सबसे अधिक आवक दर्ज की गई। यहां सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,730 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि सीहोर मंडी में इसका मॉडल भाव 6,635 रुपये दर्ज किया गया।

नरसिंहगढ़ ई-मंडी ने कुल 17,764.30 क्विंटल वृषि उपज की आवक हुई। इसमें सोयाबीन की आवक 15,085 20 क्विंटल रही। सोयाबीन का न्यूनतम भाव 1,000 और अधिकतम 6,730 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इसका मॉडल भाव 6,000 रुपये दर्ज किया गया। यहां लहसुन 18,600 रुपये और प्याज 3,680 रुपये प्रति क्विंटल तक पिका।सीहोर आनाज मंडी में कुल 13,972 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन की 10,500 क्विंटल आवक के साथ अधिकतम भाव 6,702 और मॉडल भाव 6,635 रुपये रहा। गेहू लोकवन का मॉडल भाव 2,926 रुपये, गेहू नील का 2,641 रुपये और स्थाक का 2,350 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।सीहोर की फल-सब्जी मंडी में लहसुन की 1,471 क्विंटल आवक हुई। इसका अधिकतम भाव 18,000 और मॉडल भाव 9,250 रुपये रहा। प्याज की 1,019 क्विंटल आवक के साथ अधिकतम भाव 4,150 रुपये तथा मॉडल भाव 3,733 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

श्यामपुर मंडी में आवक

श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,601 और मॉडल भाव 6,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मंडी भाव फसल की गुणवत्ता और किस्म के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। किसान उपज बेचने से पहले संबंधित मंडी के ताजा भाव की जानकारी अवश्य लें।

मरीह माता मंदिर में महाष्टमी पर 56 भोग, नवमी पर होगा विशाल भंडारा

डीआर संवाददाता>> सीहोर



शहर के विकासनगर के समीप स्थित प्राचीन मरीह माता मंदिर में नवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। मंगलवार को मंदिर में हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

जिला संस्कार मंच के प्रचारी मनोज पंडित्रा माना ने बताया कि मंदिर में हर साल की तरह इस घर भी महाष्टमी और नवमी पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। महाष्टमी पर सुबह धान्या भोग और रात्रि 12 बजे महाशिक्ष आरती होगी। इस अवसर पर माता को 56 भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। नवमी पर सुबह आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

मंदिर व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा सहित अन्य लोग व्यवस्थाओं में जुटे हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। कुमवार को मां दुर्गामाता की पूजा होगी।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष–04 –2083 विदिशा,बुधवार,दिनांक,14 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

माधवगंज से लोहागी पहाड़ी तक आज निकलेगी चुनरी यात्रा

विदिशा। शक्ति आराधना रोड समिति द्वारा आज दोपहर 12 बजे माधवगंज से लोहागी पहाड़ी तक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की सुरक्षित सांझ मंदिर से होगी। यात्रा से यात्रा अस्पताल रोड, गीलाताल, बांसकुली, नया बाजार और सिनेमा चौक होते हुए लोहागी पहाड़ी पहुंचेगी। कार्यक्रम आयोजक संयोजक शिव राजपूत, कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मीना सूर्यवंशी और महिला मंडल अध्यक्ष सुधरी सिंह राजपूत ने श्रद्धालु महिलाओं से चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति द्वारा धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

आवेदकों के बीच पहुंचे कलेक्ट, सुनी समस्याएं

विदिशा। जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 150 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की। वे आवेदकों के बीच पहुंच और खड़े-खड़े उनकी समस्याएं सुनीं। आवास, राशन कार्ड, आधार संशोधन, आर्थिक सहायता, सीमांकन और बिजली संबंधी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। दुर्जनपुरा के मोहन बाबू को आवास योजना का लाभ दिलाने, पीपलखेड़ा खुर्द में श्मशान घाट का बंद रास्ता खुलवाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जल संवर्धन कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला संगा समिति की बैठक हुई। इसमें नदी संरक्षण, जल गुणवत्ता, अतिक्रमण नियंत्रण और वनीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बेतवा नदी के जल परीक्षण के लिए नियमित नमूने लेने, मंदे नालों की पहचान और नदी किनारों पर अतिक्रमण की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। बैठक में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित पौधारोपण, ड्रोन सर्वेक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन की भी समीक्षा हुई। उन्होंने विभागों को समन्वय से कार्य करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई सोनोग्राफी

विदिशा। ग्राम पीपलखेड़ा निवासी सुरेश गिरी को जनसुनवाई में अपनी समस्या रखने पर तत्काल राहत मिली। उन्होंने सोनोग्राफी कराने में आ रही परेशानी से कलेक्टर अंशुल गुप्ता को अवगत कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चल समारोह में हथियार ले जाने पर ब्रेक

शांति समिति की बैठक में कलेक्टर और एसपी ने दिए निर्देश, कार्यक्रम स्थलों पर सीसीटीवी से होगी निगरानी

डीआर संवाददाता ■ विदिशा



नवरात्रि, दशहरा और दीपावली सहित आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता और एसपी रोहित कासवानी की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों और समिति के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

बैठक में तय किया गया कि त्योहारों और चल समारोहों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के साथ शरारती तत्वों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। आयोजन समितियों को प्रवेश और निकास द्वार सहित संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए।

चल समारोह में हथियार ले जाने पर रोक

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चल समारोहों में किसी भी प्रकार के हथियार लेकर शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। चाकूबाजी, उपद्रव और अन्य अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस निगरानी और जांच करेगी। इसकी रिपोर्टिंग को आयोजकों के पहचान पत्र जारी करने तक प्रवेश व्यवस्था के लिए रजिस्टर संधारित करने को कहा गया है। सभी आयोजन समितियों को अपने वालंटियर की सूची पहले से पुलिस-प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे समन्वय किया जा सके।

डीजे और ध्वनि वित्तारक यंत्रों पर नियंत्रण

नवरात्रि, मुख्य कार्यक्रमों और चल समारोहों में डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय और ध्वनि मानकों के अनुसार ही किया जा सकेगा। प्रतिबंधित समय में डीजे संचालन पर रोक रहेगी। निर्धारण का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गरबा और मूल कार्यक्रमों में आवाजिजनक सौंदर्य बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अपने कीमती सामान के प्रति सतर्क रहने की सलाह भी दी गई।

यातायात और आपात सेवाओं पर विशेष ध्यान

आयोजन स्थलों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुगम बनाने के लिए विस्तृत योजना बनाई जाएगी। ट्राफिकों की स्थापना इस तरह करने को कहा गया है कि आपात स्थिति में एंबुलेंस और दमकल वाहनों के आवागमन में बाधा न आए। नियुक्त मार्शलिंग सुनिश्चित रखने और ड्यूटियों की जानकारी निर्धारित स्थानों से अनुरूप रखने के निर्देश भी दिए गए। नगर पालिका को स्ट्रीट लाइट, पेयजल और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बिजली कंपनी के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा गया। प्रशासन ने नागरिकों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अपने कीमती सामान के प्रति सतर्क रहने की सलाह भी दी गई।

अवैध कब्जा नहीं हटाने पर 15 दिन की जेल, एसडीएम ने जारी किया वारंट



डीआर संवाददाता ■ कुरवाई।

भूमिस्वामी की कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने और बार-बार अवसर देने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। एसडीएम गोतीलाल अहिरवार ने ग्राम परसरिया की जमीन पर कब्जे के मामले में हरीराम रोत को 15 दिन के लिए सिविल जेल भेजने का आदेश जारी किया है। आदेश के पालन में उसे गंजबासौदा की सिविल जेल में निरुद्ध किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम परसरिया के सर्वे नंबर 56 की 0.251 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में चंद्रशेखर पुत्र प्रभुदयाल रावे सहित अन्य सहखातेदारों के नाम दर्ज है। आरोप था कि सागर जिले की बीना तहसील के ग्राम गोधना निवासी हरीराम पुत्र बालूलाल रोत ने पूरी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था और फसल का लाभ ले रहा था।

राजस्व निरीक्षक के सीमांकन प्रतिवेदन और पंचनामे में भी जमीन पर हरीराम रोत का कब्जा पाया गया। तहसीलदार न्यायालय ने 29 जुलाई 2026 को उसे अवैध कब्जे का दोषी मानते हुए मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 250(8) के तहत जमानदार के लिए सिविल जेल में निरुद्ध किया गया।

प्रकरण की सुनवाई के बाद एसडीएम ने 15 दिन के सिविल कारावास का आदेश दिया। साथ ही तहसीलदार को भूमिस्वामी को निष्कंटक कब्जा दिलाने और चालान प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

14 बीघा खेत में खड़ी उड़द की फसल नष्ट करने का आरोप, पूर्व विधायक शशांक मार्गव पहुंचे धरने में, बोले- आदिवासियों के समर्थन में एक और केस दर्ज

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा



तहसील में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम बड़कावला निवासी कुसुम बाई, भीती बाई और कलावती ने सत्र सिंह पर लगभग 14 बीघा जमीन में खड़ी उड़द की फसल नष्ट करने का आरोप लगाया। महिलाओं के अनुसार, उन्होंने जमीन का सीमांकन कराने के बाद उड़द की बोवनी की थी। फसल कटाई के समय सत्र सिंह ने कथित तौर पर ट्रैक्टर से कलेक्टर सलाहकार कमल बघेल कर दी। शिकायत मिलने पर थाना-प्रभारी कमलेश यादव को मौके पर भेजा गया।

जनसुनवाई में 15 आवेदन पहुंचे

जनसुनवाई में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने शिकायतों का जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बनने, ग्राम सुजारा के सीताराम लिंह अहिरवार ने पहुंचे और बेहोश निवासी कलेक्ट लेकर ने गवाहों का बयान नहीं लिखने की शिकायत की। इंदौर नगर की सौलह बाई ने बेटे-बहू पर पैतृक मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया। एसडीएम अनुपा जैन ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त हुए 15 आवेदन संबंधित विभागों को भेज दिए गए हैं। अधिकारियों ने शिकायतों का जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का धरना दूसरे दिन भी जारी, सात दिन का अल्टीमेटम

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



जिला कांग्रेस कमेटी अनुशुचित जाति विभाग के ओर से पांच सूत्रीय मांगों और और अधिकार अधिकारी परिवारों की समस्याओं को लेकर दिया जा रहा धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने में पूर्व विधायक शशांक भार्गव भी पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। कांग्रेस ने प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। धरने के दौरान शशांक भार्गव ने आदिवासी परिवारों के समर्थन में अपनी बात रखते हुए कहा कि पहले भी अधिवासियों के समर्थन में जाने पर उनके खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ था और उन्हें तीन महीने कारागृह काटनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि यदि एक और मामला दर्ज हो जाए तो भी कोई बात नहीं, वे हमेशा परिवारों के साथ खड़े रहेंगे। कांग्रेस ने ज्ञापन में मांगों पर कांग्रेस, हिन्दीभाषू सहित अन्य क्षेत्रों से पत्र हितग्राहियों को भूमि के पट्टे देने, कथित देवस्थली रोकने, ग्यारसपुर बसस्टैंड से मालदेवी मंदिर तक इकहरी सड़क बनवाने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने और 71 पंचायतों के 220 गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सप्ताह मंडी उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेस के अनुसार 14 अक्टूबर को किशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार भी धरने में शामिल होंगे

कुरवाई में नवरात्रि पर बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नवरात्रि पर्व पर लोड शेडिंग के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ नगर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

नेताओं ने कहा कि शाम 6 से रात 11 बजे तक बिजली गुल रहने से महिला के पंडालों में अंधेरा रहता है, मलेरिया-महामारी को दावत दी जा रही है। पूरे विधानसभा में यही हाल है। कांग्रेस ने चेतावनी दी जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष मज़हर मंसूरी, हसनैन कादरी, रमेश पांचाली, सुशील यादव, अन्नू एंथोनिक, लालू पेंटर, डॉ. फैज़ मंसूर खान, कमलेश रावे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल, 5 हजार रुपए जुर्माना

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा



गंजबासौदा न्यायालय ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को कैलाश सुगवा पुत्र 26 वर्षीय दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार के अनुसार, घटना 22 अप्रैल 2025 की है। पीड़िता की मां ने थाना कोतवाली पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी एक दिवसीय के घर आयोजित एक्टिवेशन में गई थी और रात में वहीं रुक गई थी। इसी दौरान आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कीं। बच्ची के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गया।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए फांसी तक की सजा सुनाई। इस निर्णय से नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों में कानूनी कार्रवाई को गंभीरता सामने आई है। पीड़िता की पहचान कानून के प्रावधानों के अनुसार गोपनीय रखी गई है।

शमशाबाद नवोदय विद्यालय में राष्ट्रस्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद



रोएन की जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में गत्तकाल 13 अक्टूबर को संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत राष्ट्रस्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसका विषय 25 वर्षों में किए गए संयुक्त एवं सिक्किम स्कूलों और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना रहा। कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक एवं पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश मीना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

नवोदय विद्यालय समिति के संयुक्तायुक्त में आयोजित प्रदर्शनी में चंडीगढ़, भोपाल, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम, देहरादून, पुणे, पटना और गुवाहाटी सहगंगे की चयनित तीन-तीन श्रेष्ठ कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। विद्यार्थियों ने विज्ञों के माध्यम से देश की विकास यात्रा और विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य मीना ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी कला और विचार प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं। उप नवजाधिकारी हेमंत यादव ने भी नवोदय विद्यालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। निर्णायक मंडल में जी. अमित सोनी, बेंदकुली प्रदीप, एस. सेंथिल कुमार और विजयकार संतोष कुमार शामिल रहे। आयोजन में प्रसिद्ध अर्द्धसैनिक संगठन हेतु प्रशांत सिंह, एसडीएम अजय कुमार वाजपेयी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आचार्य जितेंद्र कुमार ने स्वागत किया, संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया और उपप्राचार्य नरेश पाल निषा ने आभार व्यक्त किया।

सम्मानित होंगे

आषाढ़ी माता महामाई मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालु, प्रतिदिन हो रही छह आरतियां

नवरात्रि में कन्या पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन, माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



नवरात्रि के पावन पर्व पर मोहनगिरी स्थित प्राचीन आषाढ़ी माता महामाई मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। माता रानी के दर्शन, पूजा-अर्चना और आरती में शामिल होने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर में नवरात्रि के दौरान छह आरतियों के साथ कन्या पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन निर्धारित समय पर आरतियां की जा रही हैं। सुबह 7:30 बजे प्रात: आरती, 9 बजे पुष्प आरती और 11:30 बजे भोग आरती होती है। इसके बाद शाम 5 बजे धूप आरती, 7:30 बजे संध्या आरती और रात 8:30 बजे भोग आरती संपन्न होती है। इन आयोजनों में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल होकर माता रानी की आराधना कर रहे हैं।

आरती के बाद कन्या भोज

मंदिर में प्रतिदिन भोग आरती के बाद कन्याओं का पूजन किया जाता है। इसके बाद उन्हें भोजन प्रसादी वहन कराई जाती है। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी हो रहा है। नवरात्रि के पावनों मंदिर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रहती है। पूरा परिसर धार्मिक गतिविधियों और भक्तिमय वातावरण से सराबोर है।

सपरिवार संध्या आरती में शामिल होने की अपील

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष प्रजापति ने श्रद्धालुओं और श्रद्धालुओं से प्रतिदिन संध्या आरती में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी रिटियों को भी मंदिर लेकर आएं, जिसे उनका पूजन कर कन्या भोज और प्रसाद वितरण कराया जा सके। नवरात्रि शांति आराधना और कन्या सम्मान का पर्व है। इसमें श्रद्धालुओं कर कन्या पूजन, धार्मिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

भाजपा कार्यालय में सहयोग सेल शुरू,

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



आम लोगों की समस्याओं के समाधान और जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए भाजपा जिला कार्यालय विदिशा में सहयोग सेल शुरू की गई है। इसके तहत जिले के सभी विधायक अलग-अलग कार्यदिवसों में कार्यालय पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करेंगे।

मंगलवार को विदिशा विधायक बुधेश टंडन ने सहयोग सेल में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा की।

विधायक बुधेश टंडन ने कहा कि प्रयास रहेगा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर आम लोगों की समस्याओं का जल्द निराकरण कराया जाए। इस जनसंपर्क से लोगों को अपनी शिकायतें सीधे जनप्रतिनिधियों के सामने रखने का अवसर मिलेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर प्रदेश के जिला मुख्यालयों में सहयोग सेल के माध्यम से जनसुनवाई की व्यवस्था शुरू की गई है। इसका उद्देश्य जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद मजबूत करना तथा समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आश्विन शुक्ल पक्ष-04 -2083 राजगढ़,दिन बुधवार,दिनांक 14 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

सौंदर्य की लालिमा . . तालाब के बीच सजा जहाजनुमा मंदिर

राजगढ़। पैंसठमाला स्थित मेच शिवमंदिर धाम के खेड़ापति हनुमान मंदिर का सूर्योदय के समय मनोरम दृश्य दिखाई देता है। तालाब के पानी में मंदिर का प्रतिबिंब ऐसा नजर आया, मानो लालिमा से भरे आसमान के नीचे कोई जहाज पानी में खड़ा हो। शांत जल में पेड़ों और मंदिर की परछाई इस दृश्य को और खूबसूरत बना रही है। पैंसठमाला से खुजनेर जाने वाले यात्रायात से भी मंदिर का ये नजारा रोजाना सुबह दिखाई दे रहा है। तालाब के बीच स्थित इस प्राचीन मंदिर तक पहुंचने के लिए पंचायत ने पुलिया बनवाई है, जिससे श्रद्धालु बारिश के मौसम में भी दर्शन कर सकें।

तेज रफ्तार कार ने 10 साल की बालिका को मारी टक्कर, गंभीर

राजगढ़।सारंगपुर–संडावता मार्ग पर ग्राम जामनागंज में सोमवार शाम तेज रफ्तार होंडा कार ने 10 वर्षीय बालिका को टक्कर मार दी। हादसे में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सारंगपुर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

सौंदर्य की लालिमा . . तालाब के बीच सजा जहाजनुमा मंदिर

राजगढ़। पैंसठमाला स्थित मेच शिवमंदिर धाम के खेड़ापति हनुमान मंदिर का सूर्योदय के समय मनोरम दृश्य दिखाई देता है। तालाब के पानी में मंदिर का प्रतिबिंब ऐसा नजर आया, मानो लालिमा से भरे आसमान के नीचे कोई जहाज पानी में खड़ा हो। शांत जल में पेड़ों और मंदिर की परछाई इस दृश्य को और खूबसूरत बना रही है। पैंसठमाला से खुजनेर जाने वाले यात्रायात से भी मंदिर का ये नजारा रोजाना सुबह दिखाई दे रहा है। तालाब के बीच स्थित इस प्राचीन मंदिर तक पहुंचने के लिए पंचायत ने पुलिया बनवाई है, जिससे श्रद्धालु बारिश के मौसम में भी दर्शन कर सकें।

कश्मीर से आ रहा सेबफल, पचोर में अच्छी आवकय भाव स्थिर

राजगढ़ (ब्यावर)। कश्मीर से सेबफल की आवक होने से पचोर में इन दिनों फल बाजार में रौनक बनी हुई है। मंडी में सेबफल की अच्छी आवक हो रही है और भाव भी स्थिर बने हुए हैं। बाहर से आने वाले सेबफल की खरीदी–बिक्री के लिए व्यापारी और ग्राहक पहुंच रहे हैं।

बिजली कटौती से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, एक रात में कई जगह चक्काजाम

कचरी में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी और एसडीओपी के बीच तीखी बहस, कई गांवों में प्रदर्शन और तोड़फोड़ की घटनाएं

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

अघोषित बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार रात जिले के कचरी, करखेड़ा, पिलखटी, खोदियाखेड़ी, सावलिया, कालियाखेड़ी, हरनाव और खेजड़िया जोड़ सहित कई स्थानों पर चक्काजाम और हंगामे की घटनाएं सामने आईं। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन के दौरान एसडीओपी प्रकाश सर्रे और पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी के बीच तीखी बहस हुई। प्रशासन, पुलिस और बिजली कंपनी के अधिकारियों की समझाइश के बाद देर रात स्थिति सामान्य हो सकी। मंगलवार रात करीब 9 बजे बिजली सताया जाने लगा। इसके बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में कचरी हाईवे पर जाम लगाने पहुंच गए। सूचना पर एसडीओपी प्रकाश सर्रे, प्रशासनिक अधिकारी और बिजली कंपनी के जेई सतीश गुप्ता पहुंचे। इसी दौरान एसडीओपी और पूर्व विधायक के बीच बहस हो गई। अधिकारियों के आश्वासन के बाद रात करीब 11.30 बजे जाम खुला और यातायात बहाल हुआ।



पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, महेंद्र यादव सहित कांग्रेस नेता भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग थी कि दिन में सूचना बिजली काटने की व्यवस्था बंद की जाए। सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रकाश सर्रे, प्रशासनिक अधिकारी और बिजली कंपनी के जेई सतीश गुप्ता पहुंचे। इसी दौरान एसडीओपी और पूर्व विधायक के बीच बहस हो गई। अधिकारियों के आश्वासन के बाद रात करीब 11.30 बजे जाम खुला और यातायात बहाल हुआ।

खेजड़िया जोड़ पर डेढ़ घंटे बाधित रहा यातायात

जीरापुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सुलतिया रोड स्थित सिलपटी में भी शनिवार सुबह 9 बजे से चक्काजाम किया। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती से दैनिक कार्यकलाप प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी ने कम से कम 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों की समझाइश के बाद करीब 45 मिनट में प्रदर्शन समाप्त हुआ।

सिलपटी में 10 घंटे बिजली देने की मांग

सुलतिया रोड स्थित सिलपटी में भी शनिवार सुबह 9 बजे से चक्काजाम किया। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती से दैनिक कार्यकलाप प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी ने कम से कम 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों की समझाइश के बाद करीब 45 मिनट में प्रदर्शन समाप्त हुआ।

खेजड़िया जोड़ पर डेढ़ घंटे बाधित रहा यातायात

जीरापुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने अघोषित कटौती के विरोध में खेजड़िया जोड़ पर हाईवे जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर जीरापुर और छापीहेड़ा के तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारी पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे बाद समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।कांग्रेसियों ने खेजड़िया जोड़ पर डेढ़ घंटे बाधित रहा यातायात

जीरापुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने अघोषित कटौती के विरोध में खेजड़िया जोड़ पर हाईवे जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर जीरापुर और छापीहेड़ा के तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारी पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे बाद समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

बिजली पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसान, बलवेड़ा और सालखेड़िया में भी हंगामे की सूचना मिली।

मांग और उपलब्धता के अंतर से बढ़ा संकट

रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में बिजली की मांग बढ़ने से आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली की उपलब्धता में कमी नहीं, बल्कि खेत में बढ़ोतरी हुई है। उनके मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में मांग करीब 11 हजार मेगावाट थी, जो इस बार 18 हजार मेगावाट तक पहुंच गई है। उन्होंने व्यवस्था सुधारने और सिंचाइयों के नियोकरण का भरोसा दिया।

वहीं, इसी क्रमेश तोलानी ने बताया कि एक सप्ताह कई स्थानों पर हुए आंदोलनों की जांच कराई जा रही है। प्रशासन के सामने अब ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू करने और लोगों का आक्रोश शांत करने की चुनौती है।

सोयाबीन तुलाई में गड़बड़ी, व्यापारी और तुलावटी ने मानी गलती



डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

कृषि उपज मंडी व्यवसाय ने सोयाबीन की तुलाई के दौरान गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मंडी प्रबंधन ने संबंधित व्यापारी फर्म विनेश भंवरलाल साहू ट्रेडर्स (राजू साहू) और तुलावटी सुरेश सीसोदिया को नोटिस जारी किए हैं। प्रशासन के अनुसार, व्यापारी और तुलावटी ने तुलाई में हुई गलती स्वीकार कर ली है। मामले की रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम कार्यालय भेज दी गई है।

जानकारी के अनुसार, हबीपुरा गांव निवासी किसान नवल पुत्र चंदर सिंह्ने गुरुवार को अपनी सोयाबीन की उपज बेचने मंडी पहुंचा था। उसकी उपज का भाव 6,295 रुपए प्रति क्विंटल तय हुआ था। किसान ने आरोप लगाया कि तुलाई की पर्ची में एक क्विंटल उपज कम दर्ज की गई, जिससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ। शिकायत पर सुनवाई नहीं होने से नाराज किसान ने शुक्रवार को मंडी पहुंचकर विरोध जताया।

15 दिन से चल रही तुलाई पर उठे सवाल

मंडी में पिछले करीब 15 दिनों से तुलाई का काम चल रहा है। सक्रमित फर्म पर प्रतिदिन लगभग 200 से 300 क्विंटल उपज की तुलाई होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में पहले तुलाई कम चुके किसानों के रिकॉर्ड की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

मंडी सचिव भंवर सिंह सोलंकी ने बताया कि व्यापारी और तुलावटी को नोटिस जारी कर रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय भेज दी गई है। अब अगले का निर्णय वहीं से होना है। किसान मामले में कार्रवाई की मांग कर रहा है।

खिलचीपुर में केदारनाथ धाम की तर्ज पर सजा दुर्गा पंडाल

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर।

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर के सराफा बाजार में नवरात्रि के दौरान केदारनाथ धाम की तर्ज पर आलौकिक दुर्गा पंडाल सजाया गया है। मां बहार उत्सव समिति ने इस बार पंडाल को केदारनाथ मंदिर का स्वरूप दिया है। यहां मां दुर्गा की साढ़े पांच फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा के सामने शिवलिंग बनाया गया है, जहां श्रद्धालु ना



दुर्गा और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर रहे हैं।

समिति पिछले 26 वर्षों से सराफा बाजार में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करती आ रही है। यहां विसर्जन का को श्रद्धालु 'सराफा बाजार की महारानी' के नाम से भी जानते हैं।

नवरात्रि के अवसर पर पूरे उत्साह माहौल को देख–देखरी सेवाएँ से सजाया गया है। रात के समय रोशनी से जगमगाता बाजार और केदारनाथ मंदिर की शैली में बना पंडाल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। मां दुर्गा के सामने विशेषज्ञों की स्वस्थता इस प्रतीमे को खास बना रही है। दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए यह पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

राजगढ़ में बाल विवाह के मामलों में तीन साल में आधी कमी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर

राजगढ़ जिले में बाल विवाह की रोकथाम के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 और सर्वेक्षण–6 के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं का अनुपात, जिनका विवाह 18 वर्ष से पहले हुआ था, 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। बाल संरक्षण की स्थिति और भविष्य की चुनौतियों का आकलन करने के लिए पुलिसेक के वैधिक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिले का भ्रमण किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. निदेश कुमार सिंघ और एसपी अनिल लोलानी से मुलाकात कर बाल विवाह रोकने तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉकेप्स ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और किशोरों–युवाओं से संवाद किया। चर्चा में बाल विवाह के सामाजिक कारणों, बच्चों की शिक्षा जारी रखने और बाल विवाह मुक्त पंचायत बनने में समुदाय की भूमिका पर विचार किया गया।

'हिंसा प्रभावित बच्चों को न्याय दिलाने पर चर्चा'

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आयोजित बैठक में बाल अधिकारों की सुरक्षा, कानूनी प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन और हिंसा प्रभावित बच्चों को संवेदनशील तरीके से न्याय उपलब्ध कराने पर मंथन हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने बाल विवाह में आई कमी को स्थायी बदलाव में बदलने के लिए जनजागरूकता, परिवारों के सशक्तीकरण और प्रशासन, पंचायतों तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को जरूरी बताया।

रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की टक्कर से 26 वर्षीय युवक की मौत

डीआर संवाददाता ✍ पचोर

पाँचोरेटेक्निक के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की टक्कर से 26 वर्षीय युवक उमेश पिता प्रेमनारायण की मौत हो गई। ये पीपल्या रसोड़ा के निवासी थे। सोमवार शाम को ये काम पर जाने का कहकर घर से निकले थे। – इसके बाद रेलवे ट्रैक पर उनकी मौत की सूचना मिली। संगलवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



चार महीने में दूसरी मौत

उमेश की मौत से परिवार में शोक छा गया। डेढ़ चार महीने में परिवार ने अपने दो बेटे खो दिए। इससे पहले उमेश के 20 वर्षीय बड़े भाई दिनेश की गुजरात में करंट लगने से मौत हो गई थी। अब छोटे बेटे उमेश की मौत से परिवार पर दुखों का महाद टूट पड़ा है।

राजगढ़ में तीन साल में बाल विवाह के मामलों में आई आधी कमी

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

जिले में बाल विवाह रोकने के प्रयासों के बीच 18 वर्ष से पहले विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 और सर्वेक्षण–6 के आंकड़ों से यह बदलाव सामने आया है। बाल संरक्षण की स्थिति और चुनौतियों की समीक्षा के लिए यूनिसेफ के वैधिक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को जिले के दौरे पर पहुंचा। टीम ने कलेक्टर डॉ. निदेश कुमार सिंघ और एसपी अनिल लोलानी से मुलाकात कर बाल विवाह रोकने तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉकेप्स ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और किशोरों–युवाओं से संवाद किया। इसमें बच्चों की शिक्षा जारी रखने, जोखिमग्रस्त परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और बाल विवाह मुक्त पंचायत बनने में समुदाय की भूमिका पर जोर दिया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन जांच रिपोर्ट पर करेगा कार्रवाई निरीक्षण कर मिठाइयों के नमूने

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर।



खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. निदेश कुमार सिंघा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संकलन की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खिलचीपुर बस स्टैंड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक संदिग्ध खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इनमें बासी एवं घटिया गुणवत्ता वाले मावा, पनीर एवं मिठाइयां शामिल हैं। इसके साथ ही कुछ खाद्य पदार्थों के नमूने भी संग्रहित किए गए। संग्रहित नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई नियमित जारी रखी जाएगी।

निरीक्षण किया यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़में बाल संरक्षण प्रयासों का लिया जायजा

जिले में बाल विवाह के मामलों में कमी, 18 वर्ष से पहले विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात 46 से घटकर 23 प्रतिशत

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर।

बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए राजगढ़ जिले में किए जा रहे प्रयासों का जायजा लेने यूनिसेफ के वैधिक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने जिले का भ्रमण किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, युवाओं, न्यायिक अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ चर्चा कर बाल संरक्षण की स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार–विमर्श किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड साइडेशन शीमा सेन गुप्ता, यूनिसेफ इंडिया की चाइल्ड प्रोटेक्शन मनुज मिलन किशोर, सीनियर ऐ लर्निंग पीजे और यूनिसेफ मध्य प्रदेश के चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर गोविंद बेनीवाल शामिल रहे।



बाल विवाह के मामलों में आई कमी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, राजगढ़ जिले में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं का अनुपात, जिनका विवाह 18 वर्ष से पहले हुआ था, 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। प्रतिनिधिमंडल ने इस उपलब्धि को सराहनीय बताते हुए कहा कि बाल विवाह मुक्त पंचायत बनने में समुदाय की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। बैठक में जोखिमग्रस्त बच्चों और परिवारों की समय पर पहचान करने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर चर्चा हुई। प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय मजबूत करने की आवश्यकता भी बताई गई।

से की मुलाकात

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. निदेश कुमार सिंघ, पुलिस अधीक्षक अनिल लोलानी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इकिता रहेजानी से मुलाकात की। बैठक में जोखिमग्रस्त बच्चों और परिवारों की समय पर पहचान करने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर चर्चा हुई। प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय मजबूत करने की आवश्यकता भी बताई गई।

ग्राम पंचायत और विधिक सेवा प्राधिकरण में चर्चा

कलेक्टर और एसपी

प्रतिनिधिमंडल ने कार्रवाई बाल पंचायत में सरपंचों, सचिवों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और युवाओं से संवाद किया। इसमें बाल विवाह के सामाजिक कारणों, शिक्षा की निरंतरता और बाल विवाह मुक्त बाल पंचायत बनाने में समुदाय की भूमिका पर चर्चा हुई।

प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने बैठक में बताया कि ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम पंचायत, पंचायत और पुलिस स्तरीय समितियों सक्रिय की जा रही हैं। इसके साथ ही किशोरियों के लिए शिक्षा, परामर्श और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

कार की टक्कर से बालिका गंभीर घायल, चालक वाहन लेकर फरार

चल समारोह के दौरान हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।



संडावता थाने क्षेत्र स्थित ग्राम जमुनागंज में सोमवार को एक कार की टक्कर से बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल बालिका को परिजन निजित अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुनागंज में बंजारा समाज के कुलदेवी महाराज बालाजी मंदिर के वार्षिक स्थापना कार्यक्रम के तहत चल समारोह निकाला जा रहा था। इसी दौरान पड़ाव स्थल की ओर से आ रही होंडा कार ने पीछे से आ रहे बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

ग्रामीणों ने चालक को रोकने का प्रयास किया

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कार चालक को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक बालिका की हालत गंभीर बताई जा रही थी। फरार चालक की पहचान और हादसे से जुड़ी अन्य जानकारी सामने आना बाकी है।